खबर संक्षेप



अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुए विविध आयोजन

बड़वारा। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को बड़वारा महिला एवं बालिका विभाग द्वारा 11 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रमों के तहत कन्या छात्रावास बड़वारा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम ₹बाल विवाह को रोकना एवं बालिकाओं के अधिकार में निवेश₹ पर आधारित इन रंगोलियों में बालिकाओं ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को खूबसूरती से दर्शाया गया। इस दौरान इनकी रही उपस्थितिइस अवसर पर महिला बाल विकास बड़वारा की प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती रेशमा, पर्यवेक्षक श्रीमति अर्पिता तिवारी, रोशनी गुप्ता, कन्या छात्रावास अधीक्षिका रेणुका सिंह,और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता काशी विश्वकर्मा तथा रोशनी उपस्थित रहीं।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

कटनी। रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करैया नंबर-1 में मकान निर्माण कार्य के दौरान मोटर में उतरे करंट की चपेट में आने से 28 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ग्राम करैया नंबर-1 निवासी आनंद पटेल (28 वर्ष) के रूप में हुई है। आनंद पटेल के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। मंगलवार शाम करीब 7 बजे निर्माण स्थल के पास ही स्थित तालाब से गड्ढे में पानी भरने के लिए पानी की मोटर का इस्तेमाल किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान मोटर में अचानक करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आनंद आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद बुधवार सुबह करीब 10 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय कटनी लाया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

हार्वेस्टर बेचने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी



कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बिलहरी चौकी क्षेत्र में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्रार्थी संजय कुमार साहू 30 वर्ष, निवासी साहू मोहल्ला, बिलहरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपियों द्वारा उनके साथ गंभीर धोखाधड़ी की गई है। आरोपियों ने हार्वेस्टर 20,60,000 रुपये में बेचने के नाम पर सौदा तय किया लेकिन पैसे लेने और एग्रीमेंट के बाद हार्वेस्टर देने से साफ इनकार कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में गुरूप्रीत सिंह 2. नजीर खान के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। इसी तरह एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में साइबर ठगों ने लाखों की चपत लगाई। पहला मामला हीरापुर कौडिया का है। जहाने आरा 29 वर्ष ने अपनी शिकायत में बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके मोबाइल फोन और बैंक खाते के साथ छेड़छाड़ कर धोखाधड़ी से खाते से 1,05,430 रुपये निकाल लिये।

ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम दशरमन स्थित महादेवी धाम में उमड़ रही भक्तों की भीड़

मान्यताओं एवं आस्था का संगम महादेवी धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम दशरमन की पहाड़ी पर स्थित महादेवी धाम श्रद्धा, भक्ति और प्राचीन धार्मिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र है। करीब 200 साल पुराना बताया जाने वाला यह मंदिर न केवल स्थानीय ग्रामीणों, बल्कि आसपास के गांवों और दूसरे जिलों के श्रद्धालुओं की आस्था का भी महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है। नवरात्रि के पावन अवसर पर यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। माता के दर्शन, पूजा-अर्चना और जवारे बोने की परंपरा इस धाम को विशेष पहचान दिलाती है। चैत्र नवरात्रि में जहां करीब 1000 कलश स्थापित किए जाते हैं, वहीं शारदेय नवरात्रि में 110 कलशों की स्थापना की जाती है। वर्षभर श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता के दर्शन करते हैं।



पहाड़ी पर स्थित धाम में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित दशरमन का महादेवी धाम प्राकृतिक वातावरण और धार्मिक आस्था के लिए जाना जाता है। पहाड़ी पर विराजमान माता के दर्शन करने के लिए भक्त दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचते हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिलता है। नवरात्रि की बैठकी से ही मंदिर में धार्मिक गतिविधियां शुरू हो जाती हैं। स्थानीय लोगों के लिए यह धाम केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक पहचान का भी प्रतीक है।

ब्रिटिश काल से जुड़ी है परंपरा

महादेवी धाम की सबसे चर्चित विशेषताओं में जवारे बोने की प्राचीन परंपरा शामिल है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इसका संबंध ब्रिटिश शासनकाल की एक घटना से जुड़ा हुआ है। महादेवी सेवा समिति के अध्यक्ष पंडित रमेश गर्ग, कोषाध्यक्ष जगन पटेल तथा पंडा आशीष कुर्मी और छकौड़ी राजभर के अनुसार, मंदिर के निर्माण के समय सागौन की बल्लियां ले जाने के मामले में लल्लूराम नामक पंडा को अंग्रेजों ने जेल भेज दिया था। लोकमान्यता के अनुसार, चैत्र नवरात्रि की बैठकी की रात जेल में कुछ असामान्य घटनाएं होने लगीं। बताया जाता है कि उस दौरान कैदी और पुलिसकर्मी भी माता के जयकारे लगाने लगे। इस घटना के बाद अगले दिन पंडा को मंदिर लाया गया और उन्हें छोड़ दिया गया। ग्रामीणों के बीच प्रचलित इस कथा को माता की महिमा और धाम की धार्मिक आस्था से जोड़कर देखा जाता है। स्थानीय परंपरा के अनुसार, इसी घटना के बाद बैठकी के दिन के स्थान पर दूसरे दिन जवारे बोने की परंपरा शुरू हुई। समय के साथ यह परंपरा महादेवी धाम की विशिष्ट पहचान बन गई। आज भी नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु इस परंपरा का निर्वहन करते हैं। हालांकि, यह प्रसंग स्थानीय लोकमान्यता के रूप में प्रचलित है और इसके ऐतिहासिक दस्तावेजों की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध नहीं है।

छोटी मढ़िया से मंदिर तक का सफर

ग्रामीणों के अनुसार, महादेवी माता का वर्तमान मंदिर पहले जैसा नहीं था। पुराने समय में यहां घास-फूस और खप्पर की छत से बनी एक छोटी-सी मढ़िया हुआ करती थी। उस स्थान पर एक शिला स्थापित थी, जिसे ग्रामीण माता का स्वरूप मानकर पूजा करते थे। धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ी और जनसहयोग से मंदिर का विस्तार होता गया।समय के साथ मंदिर परिसर में सुविधाओं का विकास किया गया। आज यहां श्रद्धालुओं के लिए भोजन और विश्राम की व्यवस्था के उद्देश्य से हॉल बनाए गए हैं।

विशाल शिला को लेकर प्रचलित हैं अनेक मान्यताएं

महादेवी धाम में स्थापित विशाल शिला भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है। इस शिला को लेकर ग्रामीणों के बीच कई लोकमान्यताएं प्रचलित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले यह शिला लगभग पांच से छह फीट की दिखाई देती थी, जबकि वर्तमान में इसका आकार करीब 25 से 26 फीट तक बताया जाता है। शिला के स्वरूप और आकार को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष जिज्ञासा रहती है। शिला पर शेर और गाय के पदचिह्न होने की मान्यता भी प्रचलित है। भक्त इन निशानों को माता की दिव्यता और धार्मिक महत्ता से जोड़कर देखते हैं। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालु शिला के दर्शन करते हैं और इसे अपनी आस्था का अभिन्न हिस्सा मानते हैं। हालांकि, शिला के आकार में बदलाव और उस पर पदचिह्नों से संबंधित बातें स्थानीय मान्यताओं पर आधारित हैं। इनकी वैज्ञानिक या ऐतिहासिक पुष्टि अलग से किया जाना आवश्यक है। इसके बावजूद इन मान्यताओं का क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं और जनविश्वास में विशेष स्थान है।

चैत्र नवरात्रि में 1000 और शारदेय नवरात्रि में 110 कलश

महादेवी धाम में दोनों नवरात्रियों के दौरान कलश स्थापना का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्रि में करीब 1000 कलश स्थापित कर जवारे बोए जाते हैं। वहीं शारदेय नवरात्रि में 110 कलशों की स्थापना की जाती है। इन धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ दूसरे जिलों से भी लोग यहां पहुंचते हैं।चैत्र नवरात्रि के दौरान कलशों की बड़ी संख्या में स्थापना इस धाम की लोकप्रियता और लोगों की गहरी आस्था को दर्शाती है।

उमरियापान में आज निकलेगी चुनरी यात्रा

उमरियापान। शारदेय नवरात्र पर्व पर 15 अक्टूबर 2026 गुरुवार को नवरात्र पंचमी के अवसर पर सुबह 8 बजे से उमरियापान में विशाल चुनरी यात्रा निकलेगी। आयोजक समिति के प्रमोद असाटी और अतुल असाटी ने बताया कि 211 मीटर लाल चुनरी के साथ बड़ी माई मंदिर मचखण्डा मोहल्ला से प्रारंभ होकर कटरा बाजार, चंडी माता मंदिर, न्यू बस स्टैंड, झंडा चौक होते हुए बड़ी माई मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद पुनः बड़ी माई मंदिर से न्यू बस स्टैंड होते हुए चंडी माता प्रांगण विराजित काली माता के पंडाल में प्रस्थान कर समापन होगा। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

महिला के खाते से 34499 रूपये पार

कटनी। एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम जुहली निवासी विजय लक्ष्मी सिंह 30 वर्ष हाल निवास- कोरबा, छत्तीसगढ़) के साथ 34,499 रुपये की ठगी हुई। प्रार्थिया के अनुसार अज्ञात साइबर ठगों ने मोबाइल व बैंक खाते से हेराफेरी कर रकम पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

अनियमितता पाये जाने पर औषधि विक्रय लाइसेंस 15 दिन के लिए किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

औषधियों के क्रय-विक्रय और भंडारण में निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने तथा वैधानिक अभिलेखों में अनियमितताएं पाए जाने पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कटनी के संत नगर स्थित मेसर्स श्री बालाजी फार्मेसी की औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 15 दिवस के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी हैं।

औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने बताया कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के क्रम में बीते 29 सितंबर को औषधि निरीक्षक द्वारा श्री बालाजी फार्मेसी का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान औषधियों के विक्रय बिलों में अनियमितताएं पाई गईं। साथ ही, क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप संधारित एवं प्रस्तुत नहीं किए गए।

निरीक्षण में गर्भपात में उपयोग होने वाली कॉन्ट्रापिल (Contrapill) किट के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों में भी अनियमितताएं सामने आईं। इस संबंध में जारी कारण बताओ सूचना पत्र पर प्रतिष्ठान द्वारा दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन के मद्देनजर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने श्री बालाजी फार्मेसी की औषधि विक्रय अनुज्ञप्तियां 15 दिवस के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी हैं। निलंबन अवधि में प्रतिष्ठान का औषधियों का क्रय-विक्रय पूरी तरह बंद रहेगा। वहीं, कॉन्ट्रापिल किट सहित संबंधित औषधियों के क्रय-विक्रय पर भी अग्रिम आदेश तक रोक लगाई गई है। औषधि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी औषधि विक्रेताओं के लिए क्रय-विक्रय के समुचित अभिलेख संधारित करना, वैधानिक बिलों का रखरखाव करना और निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तम्बाकू उत्पादों की बिक्री की जांच

कटनी। शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने और विद्यार्थियों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत माधवनगर क्षेत्र में जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ. चांदनी रिमझा ने प्रवर्तन दल के साथ क्षेत्र की दुकानों का भ्रमण कर दुकानदारों को तम्बाकू नियंत्रण कानून की जानकारी दी। अभियान के दौरान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, डायमंड स्कूल, शिकागो पब्लिक स्कूल, मॉडल पब्लिक स्कूल सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्थित दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकानदारों को शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तम्बाकू उत्पादों की बिक्री नहीं करने तथा कानून के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की समझाइश दी गई। नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। अभियान में उप निरीक्षक योगेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजेश तिवारी एवं पवन सिंह शामिल रहे। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्थान की 100 गज की परिधि में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है।

नशामुक्त समाज निर्माण पर प्रस्तुत किये अपने विचार



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में 'नशा मुक्त भारत' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई की अनुशंसा पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त समाज के निर्माण की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को नशामुक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 15 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए भेजा जाएगा। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही नशामुक्त भारत का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित करने का अवसर मिलेगा।

भक्ति में लीन श्रद्धालु, हो रहे धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

जगत जननी आदिशक्ति की पावन भक्ति का पर्व शारदेय नवरात्र चल रहा है। भोर होते ही देवी-देवालयों में जल अर्पित करने, पूजा अर्चना करने भक्तो की भीड़ उमड़ रही है।पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की जा रही है।देवी मन्दिरो में सुबह से लेकर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है। भक्तो के द्वारा देवी भगत,संकीर्तन पाठ,भजन मंडलियों के द्वारा रामायण पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमहो रहे है।



मन्नतों कलशों से जगमगाये देवी मंदिर

क्षेत्र के प्रसिद्ध खड़रा स्थित शारदा मंदिर,पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर,स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे भक्तो का तांता लग रहा है।शारदेय नवरात्र के अनुष्ठान जारी है।इन देवी मन्दिरो में 40 मनोकामना कलश स्थापित किए हैं।स्लीमनाबाद स्थित चंडी मंदिर मैं सुबह -शाम आरती होने के साथ देवी भागवत नवाहयज्ञ हो रहा है।भजन मंडली भजन पेश कर रही हैं। रोजाना बड़ी संख्या में भक्त पूजा अनुष्ठान के लिए आ रहे हैं।

खड़रा स्थित शारदा मंदिर में शारदेय नवरात्र के पावन अवसर पर विविध अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए हैं। पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। सुबह- शाम आरती एवं भजनों से माहौल धर्ममय है।वही पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर मैं अष्टमी को हवन पूजन किया जाएगा।वही देवी मन्दिरो के साथ घरो में शारदेय नवरात्र पर घट स्थापना के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हो रहा है। मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया है।

पहाड़ी में स्थापित माता के मंदिर में पूजा करने उमड़ रहे श्रद्धालु

टिंशन माता मंदिर में रुके थे आल्हा, मंदिर में समाये है कई अनूठे रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

शारदेय नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है। भक्त मातारानी की भक्ति आराधना में लीन है। पहाड़यिों, कंदराओ में कई जगह विराजी माँ अम्बे की महिमा सुनाई देती है। माता का एक ऐसा ही स्थल जो स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पहरुआ में स्थापित है माँ टिंशन माता का मंदिर। नवरात्र में प्रतिदिन माँ टिंशन के दरबार में श्रद्धालुओं का ताँता लग रहा है। सुबह से ही श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन नजर आ रहे है। टिंशन माता मंदिर के पुजारी राममिलन बर्मन ने बताया कि यह माँ का स्थल 400 वर्ष पुराना है। चार पीढ़ियों से हमारे पूर्वज ही माँ की सेवा करते आ रहे है। इस मंदिर में आने वाले लोगों को माँ के दर्शन पूजन से मनोकामना तो पूरी होती ही है साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है। लोगों को दिमागी टेंशन से राहत मिलती है। साथ ही कोई रूकावट, उलझन से भी मुक्ति मिलती है। सच्चे मन से जो माँ से अर्जी लगाता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है।



लोगों कि यहां तक मान्यता है कि लोग यहाँ पर संतान प्राप्ति के लिए भी हाजिरी लगाते है। ओर मन्नते पूरी होने पर पूजन के लिए पहुंचते है। साथ ही 36 प्रकार के रोग ठीक होने की भी मान्यता है।

ऐसा है माता का दरबार

माता की प्रतिमा नीम के पेड़ के पास विराजमान है जहाँ पत्थर की शिला भी स्थापित है। टिंशन माता मंदिर में कंकाली माता की भी प्रतिमा विराजमान है। पुजारी ने बताया कि माता टिंशन के दरबार में मैहर जाते समय आल्हा रुके थे, जिनके पदचिन्ह आज भी बने हुए है। पदचिन्ह के पास ही पूर्वजों के द्वारा आल्हा की प्रतिमा स्थापित कर दी गई है। माता टिंशन के दरबार मैं मन्नत कलश बोये जाते है।

पहरुआ ग्राम विराजमान माँ टिंशन मंदिर पहुंचने के लिए स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बिलहरी मार्ग से पहुंचा जायेगा।

गोलबाजार में चल रहा रामलीला का मंचन, उमड़ रही लोगों की भीड़

श्रीराम वनवास एवं केवट संवाद के मंचन ने किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

गोल बाजार में आयोजित रामलीला में बुधवार को भगवान श्रीराम के वनवास और राम-केवट संवाद के प्रसंगों का भावपूर्ण एवं शानदार मंचन किया गया। महंत धरमराज पाठक की मंडली के कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से रामायण के इन महत्वपूर्ण प्रसंगों को मंच पर प्रस्तुत किया। मंचन के दौरान रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक उपस्थित रहे। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।





राम वनवास के प्रसंग में भगवान श्रीराम के त्याग, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और पिता के वचन के प्रति समर्पण को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। वहीं राम-केवट संवाद के मंचन में भगवान श्रीराम और केवट के बीच श्रद्धा, भक्ति एवं समर्पण से ओतप्रोत प्रसंग ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने संवादों और भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से रामायण के आदर्शों को जीवंत कर दिया। मंचन के दौरान दर्शक पूरी तन्मयता के साथ रामलीला का आनंद लेते नजर आए। गोल बाजार की रामलीला वर्षों से शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का श्रवण एवं दर्शन करते हैं। रामलीला के माध्यम से समाज में मर्यादा, सत्य, त्याग, भक्ति और कर्तव्यपालन जैसे मूल्यों का संदेश भी दिया जा रहा है।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रवि खरे, भरत अग्रवाल, शरद अग्रवाल, रामजी यादव, धर्मेंद्र तिवारी, सचिन तिवारी, अंतिम गुप्ता, रोहित सेन, तपन निषाद, मुकेश तिवारी, अनिल तिवारी, रणवीर कर्ण आदि उपस्थित रहे।

संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल के पीएम हाउस (मर्चुरी) में रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार कटनी के अल्फर्ट गंज निवासी अंशुल मिश्रा को पाइल्स की समस्या के इलाज के लिए मंगलवार शाम करीब 7 बजे गुरु कृपा हॉस्पिटल ले जाया गया था। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन से पहले डॉक्टरों द्वारा एनेस्थीसिया (बेहोशी का इंजेक्शन/डोज) का अत्यधिक मात्रा में इस्तेमाल (ओवरडोज) कर दिया गया, जिसके कारण मरीज की हालत बिगड़ गई और बीती रात उनका निधन हो गया। घटना के बाद से परिजनों में भारी आक्रोश है। परिजनों का आरोप है कि घटना के संबंध में पुलिस द्वारा अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, हालांकि इस मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज करा दी गई है। पीड़ित परिवार ने पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जाँच और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की माँग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में शव को पोस्टमॉर्टम हाउस में सुरक्षित रखा गया है। डॉक्टरों के पैनल द्वारा पीएम प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों (एनेस्थीसिया का ओवरडोज या अन्य कारण) की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है।

खबर संक्षेप



पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

उमरियापान। ढीमरखेड़ा की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खंदवारा द्वारा सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत शासकीय हाईस्कूल खंदवारा परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों ने 60 फलदार पौधे रोपकर उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। एमएसडब्ल्यू के छात्र राहुल शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ ही लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना और रोपे गए पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना रहा। इस दौरान समिति अध्यक्ष आशीष बर्मन, सचिव चमन कुमार, चंद्रप्रकाश झारिया, अमन सिंह, नितेश सिंह, सोमनाथ शुक्ला, हरिओम सिंह, सुरजीत, आदर्श, शिवम, विद्यालय के शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कन्याओं को भोजन कराकर भेंट की सौगात

कटनी। सिविल लाईन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभभावना हाल मे शारदेय नवरात्र पर छोटी से बड़ी कन्याओ का तिलक लगाकर दुपट्टा से सम्मान सत्कार कर ईश्वरीय सौगात भेंट की गई तत्पश्चात सात्विक कन्या भोजन कराया गया । राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने कन्या भोजन का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि कन्या पूजन केवल कर्मकांड या बाहरी पूजा तक सीमित नहीं है बल्कि इसे नारी सम्मान आत्म स्मृति और दैवी गुणो को जीवन में उतारने के रूप में देखा जाता है कन्या पूजन का मूल संदेश नारी जाति का दिल से आदर करना है । सभी नवरात्रि मनाते हैं जागरण करते हैं प्रत्येक आत्मा के मन में ज्ञान की ज्योति जगाकर दैवी गुण भरकर उनके जीवन को सुखमय बनाते है । कार्यक्रम के दौरान सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति दी गई । इस अवसर पर अंकिता तिवारी शबनम बहन बीके दुर्गा बहन रानी शर्मा नेहा बहन वैष्णवी बहन .प्रियंका बहन तृप्ति बहन शिल्पा बहन .मंगला माता शानू पलक मिश्रा मुस्कान मिश्रा मीना बहन खुशी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

मां वीरासन देवी मंदिर में हुई शांति समिति की बैठक



सिलौंडी। मां वीरासन परिसर में तहसीलदार नितिन पटेल,चौकी प्रभारी अनिल पांडे ने नेतृत्व में मां वीरासन देवी प्रबंधन समिती के ओमकार सोनी , सचिव राम चंद्र यादव , प्रधान पुजारी सौरभ दुबे,मंडल उपाध्यक्ष सोनू दुबे , हरि ओम तिवारी की मौजूदगी बैठक हुई ।जिसमें मां वीरासन में सुरक्षा व्यवस्था, विसर्जन स्थल आदि विषय पर चर्चा हुई। मां वीरासन देवी के सामने वाले तालाब में ही ज्वारे और मां महाकाली की प्रतिमा विसर्जित करने पर चर्चा हुई । आगामी देवी जागरण कार्यक्रम में यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा हुई । इस दौरान मंडल सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा, राजेश पांडे उपयंत्री भूपेंद्र, सचिन की मौजूदगी रही।

त्योहारों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर निगम प्रशासन अलर्ट

कटनी। नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम की अग्निशमन एवं अतिक्रमण विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार शाम मुख्य जुलूस मार्ग सहित नगर के प्रमुख मार्गों पर मॉक ड्रिल सह निरीक्षण किया। संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने को लेकर शाम 6 बजे शुरू हुए निरीक्षण के दौरान टीम ने खोबा मंडी, कारगिल चौक, गर्ग चौराहा, शहीद द्वार, नई बस्ती, आदर्श कॉलोनी, चांडक चौक, रविदास चौराहा, केलवारा फाटक, गाटर घाट, आजाद चौक, शेर चौक, झंडा बाजार, सराफा मार्केट और कमानिया गेट होते हुए पूरे रूट का जायजा लिया।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित कर जारी करें पूर्णता प्रमाण पत्र

योजनाओं की प्रगति की मैदानी हकीकत का करें निरीक्षण, जवाबदेही से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में लक्ष्यों की पूर्ति, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र (सीसी) जारी किए जाएं। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए उन्होंने पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने के लिए त्वरित, संवेदनशील एवं परिणाममूलक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुश्री कौर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं तकनीकी अधिकारियों को नियमित रूप से ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति की निगरानी करने तथा लंबित कार्यों के निराकरण के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में अपूर्ण निर्माण कार्यों की जनपदवार समीक्षा करते हुए नल-जल योजनाओं के हस्तांतरण, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत मध्यान्ह भोजन व्यवस्था तथा अन्य विभागीय गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली गई। शालाओं के निरीक्षण में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर जनपद पंचायत कटनी के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निरीक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बीबीजी राम जी योजना के अंतर्गत श्रमिक नियोजन में वृद्धि के लिए नवीन कार्य प्रारंभ करने एवं कार्यों की स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण, ग्राम पंचायतों के स्वयं के राजस्व स्त्रोतों में वृद्धि, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जल जीवन योजनाओं में विलंब पर जवाबदेही तय कर कार्य पूर्ण कराएं

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए पूर्ण, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ योजनाओं, योजनाओं के हस्तांतरण, 2 अक्टूबर 2026 को आयोजित जल अर्पण कार्यक्रम तथा ग्रामों को 'हर घर जल' रिपोर्टेड एवं सर्टिफाइड किए जाने की प्रगति पर विभागवार चर्चा की गई। बैठक में फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन (FHTC) के निर्धारित लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की गई। योजनाओं की भौतिक प्रगति, शेष कार्यों तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करते हुए संबंधित विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय के साथ कार्यों को गति देने की आवश्यकता रेखांकित की गई। जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को योजनाओं के क्रियान्वयन एवं पूर्णता की स्थिति पर सतत निगरानी रखने, पूर्ण योजनाओं के हस्तांतरण की लंबित प्रक्रिया का निराकरण करने तथा 'हर घर जल' प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सुनिश्चित करें।



भक्तो के कष्ट हरने अवतरित होते है भगवान, धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शारदेय नवरात्र पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे चल रहे देवी भागवत नवाहयज्ञ कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पंडित दिलीप त्रिपाठी की मौजूदगी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का श्रवण कराया। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए।

जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी।

वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं। सायकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

नरवाई जलाने से बढ़ता है प्रदूषण, अग्नि हादसों का रहता है खतरा

नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध, उल्लंघन पर लगेगा 15 हजार रुपये तक का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

धान सहित अन्य फसलों की कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और पर्यावरण प्रदूषण तथा अग्नि दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने जिले की संपूर्ण सीमा में फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले किसानों पर भूमि के रकबे के अनुसार 2500 रुपये से लेकर 15 हजार रुपये तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदंड लगाया जाएगा।

फसल कटाई के बाद कई किसान खेतों में बचे डंठलों एवं फसल अवशेषों (नरवाई) को आग लगाकर नष्ट करते हैं। इससे उड़ने वाली चिंगारियों के कारण आसपास के खेतों, खलिहानों एवं अन्य स्थानों पर आग लगने की आशंका बनी रहती है। नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआं निकलता है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। इसके अलावा आग से जन-धन, पशु-पक्षियों तथा खेतों एवं खलिहानों में रखी फसलों को नुकसान पहुंचने के साथ मिट्टी की उर्वरक शक्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदंड लगाया जाएगा। इसके तहत दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों पर प्रति घटना 2500 रुपये, दो एकड़ से अधिक एवं पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों पर 5000 रुपये तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों पर प्रति घटना 15 हजार रुपये का अर्थदंड देय होगा।

जारी आदेश के अनुसार फसल कटाई में उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक कंबाइन हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने के लिए स्ट्रारीपर रखना अथवा हार्वेस्टर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समितियां इसकी सतत निगरानी करेंगी। बिना स्ट्रारीपर या स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के कंबाइन हार्वेस्टर चलाने पर उसके मालिक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

फसल अवशेष प्रबंधन के प्रचार-प्रसार के लिए संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। वे अपने क्षेत्र में हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं अन्य कृषि यंत्रों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाओं और प्रदर्शनों का आयोजन करेंगे। साथ ही आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, कटनी को नोडल अधिकारी तथा सहायक कृषि यंत्री, कटनी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग को सेटेलाइट के माध्यम से नरवाई जलाने की घटनाओं की जानकारी प्राप्त कर जिला प्रशासन एवं ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समितियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्राम कोटवार संयुक्त जांच कर प्रतिवेदन संबंधित तहसीलदार को प्रस्तुत करेंगे। तहसीलदार अपनी अनुशंसा सहित प्रकरण अनुविभागीय दंडाधिकारी को भेजेंगे।

विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये किया प्रेरित



जिला पंचायत सीईओ एवं आईएएस अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सांदीपनि विद्यालय, रीठी का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, शैक्षणिक प्रगति एवं भविष्य की आकांक्षाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के महत्व से अवगत कराते हुए जीवन में निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। सुश्री कौर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक परिणामों के लिए सतत प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को दिया गया मार्गदर्शन शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरणादायी रहा। जिला पंचायत सीईओ ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालयीन शिक्षा को प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार के निरीक्षण शैक्षणिक व्यवस्थाओं के आकलन के साथ विद्यार्थियों में सीखने की ललक, लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता और बेहतर प्रदर्शन की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिले में चार चरणों में होंगे सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम कटनी, समस्त जनपद पंचायतों तथा संबंधित नगर परिषदों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्री अनुराग मोदी ने बताया कि सामूहिक विवाह आयोजनों के लिए निर्धारित तिथियों के अनुरूप आवेदन प्राप्त करने, पात्रता संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

शासन द्वारा निर्धारित तिथियों एवं जिला प्रशासन के निर्णय के अनुसार जिले में सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन चरणबद्ध रूप से किया जाएगा। अक्षय तृतीया के अवसर पर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा में सामूहिक विवाह आयोजन संपन्न हो चुके हैं। आगामी कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार, 20 नवंबर 2026 को देवउठनी ग्यारस के अवसर पर नगर निगम कटनी, जनपद पंचायत बहोरीबंद एवं नगर परिषद बरही में आयोजन होंगे।

जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित शनिवार, 12 दिसंबर 2026 को जनपद पंचायत कटनी एवं ढीमरखेड़ा तथा नगर परिषद कैमोर एवं विजयराघवगढ़ में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद गुरुवार, 11 फरवरी 2027 को बसंत पंचमी के अवसर पर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, रीठी एवं बड़वारा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न होंगे।

उपसंचालक श्री मोदी ने बताया कि आगामी आयोजनों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथियां (सामूहिक विवाह की तिथियां के अनुक्रम में) क्रमशः 5 नवंबर 2026, 28 नवंबर 2026 एवं 28 जनवरी 2027 निर्धारित की गई हैं। संबंधित निकायों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण, पात्रता के आधार पर स्वीकृति अथवा अस्वीकृति, पोर्टल पर प्रविष्टि तथा आमंत्रण पत्रों का वितरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में एक निर्धारित तिथि पर 200 से अधिक विवाह न हों, इस उद्देश्य से निकायवार आयोजन तिथियां निर्धारित की गई हैं। संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रक्रिया और योजना के दिशा-निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

धनुष भंग होने के बाद परशुराम लक्ष्मण संवाद ने बांध समां

माता सीता ने पहनाई प्रभु श्रीराम को वरमाला, धूमधाम से निकली बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



उमरियापान कटरा बाजार में आयोजित रामलीला के दौरान प्रभु श्रीरामचंद्र जी की बारात धूमधाम से निकाली गई। नगर भ्रमण पर निकली भगवान श्रीराम की बारात का जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं दुर्गा उत्सव समितियों ने भव्य स्वागत किया। जय श्रीराम के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। बारात के स्वागत से लेकर माता सीता और प्रभु श्रीराम के वरमाला प्रसंग तथा लक्ष्मण-परशुराम संवाद तक रामलीला के विभिन्न दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

न्यू बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति ने किया भव्य स्वागतप्रभु श्रीरामचंद्र जी की बारात जब न्यू बस स्टैंड पहुंची, तब न्यू बस स्टैंड दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बारात का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वागत के दौरान उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इसके बाद बारात नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए झंडा चौक की ओर रवाना हुई। बारात के नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ प्रभु श्रीराम का स्वागत किया।

रामलीला में विवाह प्रसंग का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। रामायण के प्रसंग के अनुसार राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर में अनेक राजा-महाराजा भगवान शिव के धनुष को उठाने और उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने में असफल रहे। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा से प्रभु श्रीराम ने धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया, जिससे शिवधनुष टूट गया। माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला पहनाई। यह दृश्य देखकर उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे। विवाह प्रसंग के मंचन ने रामलीला में चार चांद लगा दिए और श्रद्धालुओं को त्रेतायुग की पावन कथा की अनुभूति कराई।

शिवधनुष टूटने का समाचार मिलने पर भगवान परशुराम क्रोधित होकर स्वयंवर स्थल पर पहुंचे। इसके बाद रामलीला में लक्ष्मण और परशुराम के बीच तीखे संवाद का सजीव मंचन किया गया। लक्ष्मण जी के निर्भीक उत्तर और परशुराम जी के क्रोधपूर्ण संवादों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

विकास, सेवा और जनसहभागिता से साकार होगा विकसित कटनी का संकल्प

जालपा देवी एवं वीर सावरकर वार्ड में 73 लाख विकास कार्यों की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर नगर विकास को गति देने तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा जालपा देवी एवं वीर सावरकर वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कराया गया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद डॉ रमेश सोनी, राजेश भास्कर सहित जनप्रतिनिधियों की विशेष मौजूदगी में लगभग 73 लाख रुपये से अधिक की लागत से होने वाले सड़क डामरीकरण एवं सी.सी. नाली निर्माण सहित कवरिंग कार्यों का भूमिपूजन वार्ड की कन्याओं के करकमलों से कराया जाकर वार्ड वासियों को बड़ी सौगात दी गई।

महापौर श्रीमती सूरी ने वार्ड वासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना, आस्था एवं जनकल्याण का पर्व है। मां जालपा देवी के पावन आशीर्वाद और कन्याओं के करकमलों से विकास कार्यों का भूमिपूजन होना हर्ष एवं सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का निरंतर प्रयास है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर सड़कें, सुगम आवागमन और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। वार्डों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नगर के विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि कटनी शहर विकास के नए आयाम स्थापित करे और प्रत्येक क्षेत्रवासी को बेहतर नागरिक सुविधाओं का लाभ मिले।

डामरीकरण एवं कवरिंग कार्य

विकास कार्यों के अतंर्गत जालपा देवी वार्ड में लगभग 16 लाख 70 हजार रुपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर डामरीकरण एवं नाली कवरिंग कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी ने कहा कि सड़क सुधार जैसे कार्य क्षेत्रवासियों की दैनिक जरूरतों से जुड़े हैं और इनसे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलती है। वार्ड की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाना और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

वही वीर सावरकर वार्ड में लगभग 56 लाख 32 हजार रुपये की लागत से तीन विकास कार्यों का शुभारंभ भी भूमिपूजन के साथ हुआ। इनमें पुराने शंभू टॉकीज के बाजू से पुराने एवं क्षतिग्रस्त मार्ग पर लगभग 15 लाख 59 हजार रुपये की लागत से डामरीकरण कार्य, श्रीराम मंदिर मार्ग पर लगभग 22 लाख 39 हजार रुपये की लागत से सी.सी. नाली निर्माण कार्य तथा संतनगर में बजाज हॉस्पिटल के आसपास एवं गोकुलधाम कॉलोनी में निर्मित सी.सी. रोड पर लगभग 18 लाख 34 हजार रुपये की लागत से डामरीकरण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर ने सड़क सुधार एवं नाली निर्माण कार्यों क्षेत्रवासियों की दैनिक जरूरतों से जुड़ी हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से आवागमन व जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

जन-विश्वास अभियान के तहत विलायतकलां में शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में 7 अगस्त से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजित शिविरों के माध्यम से प्रशासन द्वारा शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिये अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार को मैदानी भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं।

16 अक्टूबर को बड़वारा विधानसभा के अंतर्गत विलायतकलां क्लस्टर की 11 पंचायतों विलायतकलां, पथवारी, कछारी, भुड़सा, झरेला, पनसोखर, परसेल, भजिया, बिजौरी, विलायतखुर्द, गुडाकलां के लिए पंचायत भवन विलायतकलां में शिविर आयोजित होगा। जहां क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी ने अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिकतम मामलों का निराकरण पूर्व में ही सुनिश्चित किया जाए तथा शेष प्रकरणों का समाधान शिविर स्थल पर किया जाए। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उनमें समय-सीमा निर्धारित कर आवेदकों को अवगत कराया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खबर संक्षेप

श्री 5 पद्मावती पुरी धाम में अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में



पन्ना। श्री 5 पद्मावती पुरी धाम पन्ना में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट द्वारा महोत्सव में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए धर्मशालाओं की साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। वहीं, खुले मैदानों में विशाल पंडाल लगाने के साथ भोजन व्यवस्था और सुंदरसाथ के लिए आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थित किया जा रहा है। श्री प्राणनाथ मंदिर परिसर स्थित ब्रह्म चबूतरे पर भी विशेष पंडाल, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के बैठने के लिए उचित प्रबंध किए जा रहे हैं। मंदिर परिसर सहित अन्य आयोजन स्थलों पर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाने के लिए ट्रस्ट द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आगामी 20 अक्टूबर, दशहरा के दिन से महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से श्रद्धालुओं के पन्ना पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव को लेकर श्री 5 पद्मावती पुरी धाम में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालुओं के स्वागत एवं सुविधाओं के लिए तैयारियां निरंतर जारी हैं।

जिम्मेदारों की अनदेखी, व्यर्थ बह रहा पानी

बारिश थमने के बाद भी खुले हैं व्यारमा नदी के स्टॉप डैम के गेट

लाखों की लागत से बने डैम बेकार; समय रहते गेट बंद नहीं हुए तो गर्मी में गहरा सकता है गंभीर जल संकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

क्षेत्र की जीवनदायिनी व्यारमा नदी के बनवार बड़े घाट पर बने स्टॉप डैम पर प्रशासनिक उदासीनता भारी पड़ रही है। बारिश का मौसम समाप्त हुए हफ्तो बीत चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद स्टॉप डैम के गेट बंद नहीं किए गए हैं। नतीजतन, डैम में पानी का ठहराव न होने के कारण लाखों लीटर पानी लगातार बहकर बर्बाद हो रहा है। लाखों रुपये की सरकारी लागत से क्षेत्र में जल संरक्षण और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए यह स्टॉप डैम बनाया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में यह फिलहाल निष्प्रभावी साबित हो रहा है। पानी की इस बेकद्री से स्थानीय ग्रामीणों में चिंता बढ़ती जा रही है।

गर्मी के दिनों में खड़ा हो सकता है विकराल संकट

ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि यदि इस तरह पानी लगातार बहता रहा, तो आगामी ग्रीष्म ऋतु (गर्मी के मौसम) के दौरान क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई के लिए हाहाकार मच सकता है। इस साल क्षेत्र में वर्षा की स्थिति भी औसत से कम रही है, ऐसे में उपलब्ध जल को सहेजना बेहद जरूरी है। पानी की बर्बादी न सिर्फ किसानों की फसलों को प्रभावित करेगी, बल्कि मूक पशु-पक्षियों के लिए भी गर्मियों में पानी का गंभीर संकट खड़ा कर देगी।

प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की गुहार

स्थानीय नागरिकों और किसानों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए पुरजोर मांग की है कि बिना किसी और देरी के व्यारमा नदी के स्टॉप डैम के गेट तत्काल प्रभाव से बंद किए जाएं, ताकि आने वाले दिनों के लिए पानी का संचय सुरक्षित किया जा सके।

सीमांकन में सरपंच की निजी भूमि पर नहीं मिला अवैध कब्जा, शासकीय भूमि से हटाई गई फेंसिंग

प्रशासन की मौजूदगी में सैलवाड़ा का भूमि विवाद सुलझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा



जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सैलवाड़ा में लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद का मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पटाक्षेप हो गया। मामले की जांच और मौके पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए एसडीएम सीजी गोस्वामी, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, संबंधित पटवारी एवं पुलिस बल गांव पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर एसडीएम ने उपस्थित ग्रामीणों से विवाद के संबंध में जानकारी लेते हुए पूछा कि किन-किन लोगों को भूमि को लेकर परेशानी है। बताया गया कि करीब 400 ग्रामीणों की मौजूदगी में केवल 8-10 लोगों ने हाथ उठाकर अपनी परेशानी बताई। शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर प्रशासनिक अमले ने संबंधित भूमि का सीमांकन कराया। सीमांकन के दौरान यह स्थिति सामने आई कि सरपंच की निजी भूमि पर कोई अवैध कब्जा नहीं पाया गया। वहीं सीमांकन के दौरान कमलेश साहू एवं कंचन रैकवार द्वारा सरपंच की भूमि से लगी कुछ शासकीय भूमि पर फेंसिंग लगाकर कब्जा किया जाना पाया गया। प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर उक्त फेंसिंग को हटवा दिया। इसके साथ ही सामुदायिक भवन के आसपास आवागमन को लेकर उत्पन्न समस्या का भी समाधान कराया गया। मवेशियों के आवागमन के लिए बंद रास्ते को खुलवाया गया तथा दोनों ओर से रास्ता सुचारू कराया गया। ग्रामीणों के आवागमन को देखते हुए सरपंच नीतू साहू ने अपनी निजी भूमि में से रास्ते के लिए भूमि देने की बात कही है। इसके अलावा बाजारहाट के लिए अस्थायी बाजार लगाए जाने की अनुमति भी अपनी निजी भूमि पर देने की सहमति जताई है।

इनका कहना है

सरपंच नीतू साहू ने कहा कि गांव हमारा है और हम किसी भी ग्रामीण को परेशानी नहीं होने देंगे। कुछ लोगों द्वारा निजी स्वार्थ के चलते उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन प्रशासन के मौके पर पहुंचने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई और दूध का दूध, पानी का पानी हो गया। नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी ने बताया कि गांव के लोगों और सरपंच के बीच भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। शासकीय भूमि से संबंधित जहां भी कब्जा पाया गया, उसे हटवा दिया गया है। सामुदायिक भवन के चारों ओर रास्ते को लेकर भी समस्या थी। मवेशियों के आवागमन के लिए फेंसिंग हटाकर दोनों ओर का रास्ता खुलवा दिया गया है। एसडीएम सीजी गोस्वामी ने कहा कि मामले को राजनीतिक रूप देकर काफी तूल दिया गया, जबकि सरपंच परिवार की कुछ भूमि निजी है। जांच के दौरान सामुदायिक भवन के पीछे शासकीय भूमि पर दो स्थानों पर फेंसिंग कर कब्जा पाया गया। दोनों स्थानों से कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की कार्रवाई के बाद लंबे समय से चले आ रहे विवाद का समाधान हो गया।

मानव रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



दमोह। शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में सेवा संकल्प अभियान के तहत आभार एवं संकल्प की मानव रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर जी. पी. चौधरी की मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मालती नायक एवं समिति सदस्य डॉ. अनुभा दुबे एवं शिखा यादव का विशेष सहयोग रहा । कार्यक्रम में प्रार्थना पर अवधेश जैन एवं सेवा संकल्प अभियान के प्रभारी बृजेंद्र कुसमरिया एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता की जज जया अहिरवार, डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. प्रिया ठाकुर छात्राओं में प्रथम स्थान पर अदा अंजुम, द्वितीय स्थान दीपाली लोधी, नूतन मराठी एवं तृतीय स्थान पर प्रार्थना लोधी ने प्राप्त किया।

बंदियों को धर्म पालन का अधिकार-प्रधान जिला न्यायाधीश

दमोह। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की अध्यक्षता में जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला जेल दमोह में किया गया। कार्यक्रम में सिविल जज वरिष्ठ खण्ड/सचिव उषाकांता कृषाण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक एम.एल. पटैल, बंदीगण तथा जेल स्टाफ उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बंदियों को संबोधित करते हुये कहा कि जैसी भी परिस्थितियों के कारण आपने जेल में प्रवेश लिया है उन



परिस्थितियों से सबक लेकर आगामी जीवन में अपराध ना करने का प्रण लें, आप जेल में निरूद्ध है किंतु आपके सभी मौलिक अधिकार सुरक्षित है सिर्फ आप जेल की चार दीवारी से बाहर नही जा सकते आपने बंदियों को प्राप्त अधिकार को रेखांकित करते हुए बंदियों के धर्म-पालन के अधिकार पर प्रकाष डालते हुए कहा कि प्रत्येक बंदी को जेल नियमावली के अनुसार धर्म पालन की स्वतंत्रता दी गई है वह अपने धर्म के अनुसार पूजा, प्रार्थना या इवादत कर सकता है वह अपने साथ धर्म ग्रंथ रख सकता है। सिविल जज वरिष्ठ खण्ड/सचिव उषाकांता कृषाण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे बंदी जो नशे के आदी थे अब चूकि जेल में रहने के दौरान नषा छूट चुका है इसीलिए वे भी प्रण लें कि जेल से निकलने के बाद नशे से दूर रहेंगे। ऐसे बंदी जिन्हे न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और वे विधिक सहायता के माध्यम से अपील करना चाहतें हैं तो समय सीमा में अपने आवेदन जेलर के माध्यम से विधिक सहायता कार्यालय में प्रेषित करें ताकि उनकी अपील समय सीमा में प्रस्तुत करायी जा सके।

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल निःषुल्क विधिक सहायता योजना, अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बंदियों द्वारा पूछे गये प्रश्नो का समाधान कारक जबाव सुझाये गये एवं आभार जेल अधीक्षक एम.एल. पटैल ने किया।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत नोहटा में शिविर कल

दमोह। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम नोहटा में शिविर आयोजित है, जिसमें जनपद पंचायत जबेरा की कुल 37 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण पर विशेष जोर दिया जाएगा। अभियान के तहत ग्राम पंचायत घटेरा, मनगुवां मानगढ़, बनवार, हरदुआ मानगढ़, लरगुवां, गोलापट्टी, परस्वाहा, झरौली, पटना मानगढ़, मनगुवां घाट, रौड़, सग्राम, रीछई, इमलिया, माला, बम्होरी, चिलौद, मझगुवां मानगढ़, सिमरी जालमसिंह, झूमर, हरदुआ सुमेर, महुआखेड़ा, चौपरा, पट्टी महाराज सिंह, मौसीपुरा, कुलुवा, हिनौती, ठेंगापट्टी, साखा, घांघरी, नोहटा, बीजाडोगरी, गूड़ा, मुड़ारी, खमरिया मौजीलाल, बिजोरा, कटंगी एवं परासई को शामिल किया गया है।

एसपी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, साइबर ठगी से बचने के दिए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

पुलिस प्रशासन और आम नागरिकों के बीच आपसी तालमेल को मजबूत करने और दूरदराज के क्षेत्रों तक पुलिसिंग को सुलभ बनाने के उद्देश्य से थाना नोहटा अंतर्गत ग्राम अभाना में एक विशेष 'पुलिस जनसंवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक (SP) श्री आनंद कलादगि (IPS) की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस जन चौपाल में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चौपाल के दौरान एसपी श्री कलादगि ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने एक-एक कर क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को बेहद गंभीरता से सुना। जनसमस्याओं के त्वरित और न्यायोचित निराकरण के लिए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए उन्होंने ग्रामीणों को पूरी पारदर्शिता के साथ समाधान का ठोस भरोसा दिलाया।

बढ़ते साइबर अपराधों पर विशेष सतर्कता बरतने की अपील

संवाद सत्र के दौरान एसपी श्री आनंद कलादगि ने आज के दौर में तेजी से पैर पसार रहे साइबर अपराधों के तौर-तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों को आगाह किया कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल्स या ओटीपी साझा न करें। इसके साथ ही, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता के लिए डायल 112 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग की पूरी जानकारी दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर ग्रामीण तुरंत मदद ले सकें।

संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दें, पहचान रहेगी गोपनीय

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा का माहौल बनाए रखने के लिए नागरिकों से खुली अपील की। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि नजर आए, तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। एसपी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, इसलिए किसी भी प्रकार की आशंका से दूर होकर पुलिस का सहयोग करें। इस गरिमामयी और उपयोगी आयोजन के दौरान तेंदुखेड़ा एसडीओपी श्रीमती अर्चना अहीर, थाना प्रभारी नोहटा उपनिरीक्षक अभिषेक पटेल सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

आदिवासियों की जमीन बचाने कांग्रेस का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जबेरा। जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुसमी मानगढ़ में अनुसूचित जनजाति के परिवारों की कब्जे वाली जमीन को कथित तौर पर एक संस्था को सौंपे जाने के मामले में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार, 14 अक्टूबर को कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जबेरा स्थित SDM कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और आदिवासी परिवारों की जमीन व उनके अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने जमीन से जुड़े मामले में उचित कार्रवाई करने और प्रभावित आदिवासी परिवारों के हितों को सुरक्षित रखने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ग्राम कुसमी मानगढ़ के ग्रामीण भी मौजूद रहे। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से आए जबेरा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 के प्रभारी उमाकांत यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नितिन मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी सदस्य अखिलेश सोनी, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, राजा खान, जबेरा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, राजा सिंह लोधी, जबेरा विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी नीलेश ठाकुर, सचिन तिवारी और जबेरा युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष धन सिंह ठाकुर सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्राम कुसमी मानगढ़ के ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्य मांगः कांग्रेस ने संबंधित जमीन के मामले में उचित कार्रवाई कर आदिवासी परिवारों की जमीन और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

भागीरथ पंडा के घर विराजीं मां शारदा, भक्तों में गहरी आस्था



तेंदूखेड़ा। बुंदेलखंड की धरती पर आदिशक्ति मां जगदंबा अनेक स्वरूपों में विराजमान हैं। तेंदूखेड़ा नगर में बड़ी खेरमाई, छोटी खेरमाई, महाकाली, ज्वाला देवी और दुर्गा मंदिर सहित कई धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं। इन्हीं में नगर के वार्ड क्रमांक 2 में भागीरथ रजक के निवास पर स्थित मां शारदा देवी मंदिर की भी विशेष मान्यता है। नवरात्र के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ गई है। मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। स्थानीय श्रद्धालुओं की मान्यता है कि मां शारदा के दरबार में सच्चे मन से प्रार्थना करने पर भक्तों को सुख-शांति और मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मिलता है। मां शारदा के अनन्य भक्त भागीरथ पंडा प्रतिवर्ष तेंदूखेड़ा से पैदल मैहर धाम पहुंचकर मां के दर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि नवंबर माह में उनकी 32वीं पदयात्रा प्रस्तावित है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। मंदिर आने वाले श्रद्धालु मां शारदा के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त करते हैं। उनका विश्वास है कि मां अपने भक्तों के दुख दूर करती हैं और परिवार में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। नवरात्र के नौ दिनों में मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का विशेष माहौल बना हुआ है।

सचिव पदस्थ, फिर भी रोजगार सहायकों के पास वित्तीय प्रभार

पथरिया। जनपद पंचायत पथरिया की ग्राम पंचायतों में सचिवों की पदस्थापना होने के बावजूद रोजगार सहायकों के पास वित्तीय प्रभार बने रहने की व्यवस्था चर्चा का विषय बनी हुई है। वहीं, कई सचिवों को अतिरिक्त प्रभार में दो-दो ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें कुछ पंचायतें एक-दूसरे से 30 से 40 किलोमीटर दूर बताई जा रही हैं, जिससे व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत ममरखा में पदस्थ सचिव मानक पटेल को अतिरिक्त प्रभार में सासा पंचायत की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह बासाकलां पंचायत के सचिव असगर खान को इमलिया धोना तथा सूखा पंचायत में पदस्थ डालचंद अहिरवार को मेहलवारा पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस व्यवस्था को लेकर चर्चाएं हो रही हैं।स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं कि जब पंचायतों में सचिव पदस्थ हैं, तो रोजगार सहायकों के पास वित्तीय प्रभार बनाए रखने की आवश्यकता क्या है? वहीं, अतिरिक्त प्रभार में दूरस्थ पंचायतें सौंपे जाने से सचिवों के कामकाज और पंचायतों में नियमित उपस्थिति पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।इधर, जनपद पंचायत बटियागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पिछले करीब दो माह से जनपद पंचायत पथरिया का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। ऐसे में जनपद की प्रशासनिक व्यवस्था और पंचायतों में जिम्मेदारियों के वितरण को लेकर भी चर्चा बनी हुई है।अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी पंचायतों में वित्तीय प्रभार और सचिवों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपने की व्यवस्था की समीक्षा कर इन सवालों का समाधान करते हैं या नहीं।

पथरिया जनपद में अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था पर उठ रहे सवाल, दूरस्थ पंचायतों की जिम्मेदारी से सचिव भी परेशान

पावर फायनेंस कार्पोरेशन-दिल्ली की टीम ने किया निरीक्षण

दमोह। केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना आर.डी.एस.एस. के अंतर्गत दमोह जिले में 33/11 के.व्ही. नवीन उपकेन्द्र का निर्माण, 33 के.व्ही. इंटरकनेक्शन, अगमंटेशन, वाइफरकेशन, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों में केपेसिटर बैंक की स्थापना कार्य, 11 के.व्ही. फीडर विभक्तिकरण, 11 के.व्ही. इंटरकनेक्शन, अगमंटेशन, वाइफरकेशन एवं स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य किया जा रहा है। साथ ही धरती आबा **DAJGUA** जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट योजना के अंतर्गत जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापना तथा 11 के.व्ही. लाइन कार्य के साथ पात्र उपभोक्ताओं को विद्युत कनेक्शन प्रदान किये किये जा रहे हैं। आर.डी.एस.एस. योजना के अंतर्गत उक्त विद्युतीकरण कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, कार्यों की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुपालन की समीक्षा हेतु मेसर्स पावर फायनेंस कार्पोरेशन-दिल्ली की टीम द्वारा 13 अक्टूबर 2026 को अधीक्षण अभियंता दमोह के साथ जिले में किये गये कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नेहा चतुर्वेदी-मैनेजर, सत्य प्रकाश साहू-मैनेजर पावर फायनेंस कार्पोरेशन-दिल्ली, पंकज खरवाल, को-ऑर्डिनेटर कॉर्पोरेट कार्यालय-जबलपुर, एम.एल. साहू, कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) दक्षिण संभाग-दमोह, एस.के. गेडाम (एस.टी.एम/एस.टी.सी.) संभाग-दमोह, हरिवल्लभ शर्मा, डिप्टी टीम लीडर-सागर एवं रविशंकर उसरेटे, पी.एम.ए. दमोह उपस्थित थे।

बिजली बिल बकाया होने पर चार गांवों में कुर्की की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर

जबेरा विद्युत वितरण केंद्र द्वारा बिजली बिलों की बकाया राशि वसूलने के लिए सख्ती शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में बुधवार को विद्युत विभाग की टीम ने चार गांवों में बकायादार उपभोक्ताओं के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पारना में 25,713 रू कोटा में रू 19,780, करोंदी में रू 15,219 और सुरई में रू 14,520 की बकाया राशि के मामलों में विभाग ने कार्रवाई की। इस दौरान जबेरा विद्युत वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो, आशिक खान, दुर्योधन, किशोर सिंह लोधी, टीकाराम पटेल, गोबिंद, अशोक और बबलू सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



करीब 15 करोड़ रुपये की बकाया राशि

विद्युत विभाग के अनुसार, जबेरा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों के उपभोक्ताओं पर बिजली बिलों की करीब 15 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। बकाया राशि की वसूली के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है। अब बकायादार उपभोक्ताओं के विरुद्ध कुर्की सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है।

समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील

कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो ने उपभोक्ताओं से निर्धारित समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बिल जमा नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और बकाया राशि की वसूली के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि खाता सेट की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान एवं कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा कर अनावश्यक कानूनी कार्रवाई से बचने की अपील की है।

शारदेय नवरात्रि : चतुर्थ दिवस

करुणा में समाहित मातृत्व ही स्कंदमाता : श्री भगवान वेदांताचार्य

दमोह। सशक्त समाज के निर्माण में मातृत्व और संस्कारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मां दुर्गा के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की आराधना मातृत्व, करुणा, साहस और धर्मरक्षा का संदेश देती है। भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता होने के कारण उन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, उनकी उपासना से सुख, शांति और आध्यात्मिक बल की प्राप्ति होती है।


श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

श्री भगवान वेदांताचार्य के अनुसार, स्कंदमाता का स्वरूप संतान के पालन-पोषण के साथ उसमें संस्कार, अनुशासन और कर्तव्यबोध विकसित करने की प्रेरणा देता है। उनका सिंहवाहिनी स्वरूप साहस, पराक्रम और धर्मरक्षा का प्रतीक है, जबकि कमल पर विराजमान स्वरूप पवित्रता, संयम और निष्काम कर्म का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि शक्ति का वास्तविक उद्देश्य केवल सामर्थ्य प्राप्त करना नहीं, बल्कि उसका उपयोग समाज और मानवता के कल्याण के लिए करना है। सच्चा नेतृत्व वही है, जिसमें साहस के साथ संवेदनशीलता और अधिकार के साथ उत्तरदायित्व का भाव हो। मां स्कंदमाता की आराधना का मूल संदेश है कि ज्ञान के साथ विनम्रता, शक्ति के साथ विवेक और कर्म के साथ लोककल्याण की भावना आवश्यक है। उनका दिव्य स्वरूप मातृत्व की महिमा और संस्कारों की शक्ति को रेखांकित करते हुए प्रेरित करता है कि व्यक्तिगत सामर्थ्य तभी सार्थक है, जब उसका उपयोग समाज और मानवता की भलाई के लिए किया जाए।

आदतन अपराधियों को थमाए लाल नोटिस, रिकॉर्ड अपडेट कर शांति बनाए रखने के निर्देश

त्योहारों से पहले पुलिस अलर्ट, गुंडा-बदमाशों की कराई परेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए कोतवाली पुलिस ने 14 अक्टूबर को थाना परिसर में सूचीबद्ध गुंडा-बदमाशों और निगरानी अपराधियों की परेड कराई। इस दौरान उनके आपराधिक रिकॉर्ड अपडेट किए गए और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडेय के मार्गदर्शन तथा कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। परेड के दौरान आदतन अपराधियों को आगामी त्योहारों में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, अशांति या संदिग्ध गतिविधि में शामिल नहीं



होने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के संबंध में लाल नोटिस तामील कराए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने या अ सा मा जि क गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर आमजन की सुरक्षा और शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। असामाजिक तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित प्रधान आरक्षक अजीत दुबे, नरेंद्र अहिरवार तथा आरक्षक दरबारी लाल, जितेंद्र प्रजापति, रामकृष्ण यादव, रतिराम अहिरवार और विपिन राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



कार से 10 पेटी अवैध शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार, मड़ियादो पुलिस की कार्रवाई

मड़ियादो। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मड़ियादो पुलिस ने टाटा पंच कार से ले जाई जा रही 10 पेटी अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 39 हजार रुपये और कार की कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टाटा पंच कार क्रमांक MP-13-ZS-4252 से बर्धा से मड़ियादो की ओर अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने मड़ियादो-बर्धा मार्ग पर ग्राम कनकपुरा के पास घेराबंदी कर संदिग्ध कार को रोका। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से खाकी रंग के 10 कार्टून में रखे 500 पाव, करीब 90 लीटर शराब बरामद हुई। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने शराब और कार जब्त कर ली। मामले में संदीप राजपूत (29), निवासी सुजान तलैया, थाना गैसाबाद और उमेश सिंह (30) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ अपराध क्रमांक 154/26, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। इसमें थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रीति पांडेय, चौकी प्रभारी चौरईया उपनिरीक्षक सरदार सिंह, प्रधान आरक्षक रनमत एवं आरक्षक नरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सिंग्रामपुर–पोंडी मानगढ़ मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया बनी परेशानी का सबब

हरदुआ सिंगौरगढ़ में हादसे का खतरा, ग्रामीणों ने की शीघ्र मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंग्रामपुर

दमोह जिले के सिंग्रामपुर–पोंडी मानगढ़ मार्ग पर ग्राम हरदुआ सिंगौरगढ़ स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया क्षेत्रीय ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लंबे समय से पुलिया की मरम्मत नहीं होने के कारण आवागमन में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यहां कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, सिंग्रामपुर–पोंडी मानगढ़ मार्ग आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन किसान, विद्यार्थी, मजदूर और अन्य ग्रामीण आवागमन करते हैं। पुलिया



क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक निकलना पड़ता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यहां से गुजरना जोखिम भरा बना हुआ है। बारिश के मौसम होने के बाद सुधारकार्य न होने के कारण पुलिया की स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। क्षतिग्रस्त हिस्से के कारण आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया की मरम्मत नहीं कराई गई, तो किसी दिन गंभीर हादसा हो सकता है। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। संबंधित विभाग से कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिया की मरम्मत को लेकर संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित कराने की मांग की गई है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पुलिया का शीघ्र निरीक्षण कराया जाए तथा आवश्यक मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य प्राथमिकता से शुरू किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क और पुलिया जैसी बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने जनहित और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके।

रथयात्रा में जेबकट गिरोह पर पुलिस का शिकंजा, 11 गिरफ्तार

हटा और पटेरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, करीब 80 हजार रुपए नकद और दो कारें जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की जेब काटकर नकदी चुराने वाले गिरोह के 11 आरोपियों को हटा और पटेरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 80 हजार रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल दो कारें जब्त की गई हैं। गिरफ्तार आरोपी जबलपुर, इंदौर और धार जिले के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर को हटा के गौरीशंकर मंदिर परिसर में रथयात्रा के दौरान काशीराम अहिरवार और राघवेंद्र पटेल के पर्स चोरी हो गए थे। दोनों की शिकायत पर हटा थाने में अपराध क्रमांक 526/26 और 527/26 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। काशीराम के पर्स में 6,650 रुपए, जबकि राघवेंद्र के पर्स में दुकान की बिक्री के करीब 4,800 रुपए सहित जरूरी दस्तावेज रखे थे। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इनोवा कार क्रमांक MP-20-CC-4169 को रोककर उसमें सवार पांच संदिग्धों से पूछताछ की। तलाशी में 10,600 रुपए नकद और पर्सों में रखे दस्तावेज बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने जेबकटी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने करीब 15 लाख रुपए कीमत की इनोवा कार भी जब्त की।

वहीं, पटेरा थाना क्षेत्र में भी रथयात्रा के दौरान अलग-अलग स्थानों पर जेबकटी की घटनाएं सामने आई थीं। करीब 70 से 75 हजार रुपए की नकदी चोरी होने की जानकारी पर पटेरा थाने में अपराध क्रमांक 294/26 और 295/26 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक रचना मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस और साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पटेरा पुलिस के अनुसार, आरोपी इंदौर से योजनाबद्ध तरीके से मारुति सुजुकी एस-क्रॉस कार से दमोह जिले में जेबकटी करने पहुंचे थे। गिरोह ने सात से आठ लोगों की जेब से करीब 70 हजार रुपए चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी की पूरी नकदी और वारदात में इस्तेमाल एस-क्रॉस कार जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में धार जिले के मनावर निवासी मोहन तंवर तथा इंदौर निवासी मनोहर जायसवाल, कमल प्रजापत, राजू गौड़, अजय बड़ौदे और राकेश परमार शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन में हटा एसडीओपी केपी सिंह के मार्गदर्शन तथा हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी और पटेरा थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस अन्य घटनाओं में आरोपियों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

रथयात्रा के दौरान सिमरिया और अमानगंज सहित अन्य स्थानों पर भी चोरी की घटनाओं की जानकारी सामने आई थी। पुलिस ने श्रद्धालुओं से भीड़भाड़ वाले आयोजनों में अपने पर्स, मोबाइल और नकदी सुरक्षित रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

महाविद्यालय संघर्ष समिति ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन....

घोषणा के बाद भी कॉलेज नहीं खुला, पटेरा में बढ़ा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा

मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद पटेरा में शासकीय महाविद्यालय शुरू नहीं होने से विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। बुधवार को महाविद्यालय संघर्ष समिति एवं क्षेत्रवासियों ने तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर दमोह के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द महाविद्यालय संचालन के आदेश जारी करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 11 मार्च 2026 को हटा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने पटेरा में नवीन शासकीय महाविद्यालय खोलने की घोषणा की थी। इससे पहले वर्ष



2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इसकी घोषणा कर चुके हैं, लेकिन अब तक महाविद्यालय शुरू नहीं हो सका है। समिति के अनुसार पटेरा, कुम्हारी, देवडोंगरा, कुंडलपुर, सोजना सहित आसपास के गांवों से हर साल सैकड़ों विद्यार्थी 12वीं उत्तीर्ण करते हैं। स्थानीय स्तर पर महाविद्यालय नहीं होने से उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दमोह या हटा जाना पड़ता है। आर्थिक और आवागमन संबंधी परेशानियों के कारण कई विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इसका सबसे अधिक असर छात्राओं पर पड़ता है। समिति ने बताया कि महाविद्यालय के लिए भूमि चिन्हांकन सहित आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग को भेजा जा चुका है। इसके बावजूद संचालन आदेश जारी नहीं होने से विद्यार्थियों में असंतोष है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि छात्रहित में जल्द निर्णय लेकर महाविद्यालय शुरू कराया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे 11वीं-12वीं के विद्यार्थी

ज्ञापन सौंपने वालों में कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से शामिल रहे। विद्यार्थियों ने कहा कि पटेरा में कॉलेज नहीं होने से 12वीं के बाद पढ़ाई जारी रखना मुश्किल हो जाता है। महाविद्यालय खुलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम का सफलतम संचालन राजू आचार्य ने किया। आभार प्रदर्शन मोहन ताम्रकार और नरेन्द्र बजाज पत्रकार ने किया।

इस दौरान पंडित राजू पाठक, सांसद प्रतिनिधि गणेश पटेल, विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल, देवेंद्र ताम्रकार, वीरेंद्र ताम्रकार, पवन पालीवाल, सत्यम सिंह, दीपक ताम्रकार, आनंद सिंह, मन्नू राजा, संजय पालीवाल, गुड्डू चौधरी, बलराम पटेल, विजय यादव, नयन खरे , सदाकत खान, रामकुमार ताम्रकार, अरविंद परिहार, दिनेश डिम्हा, तारापत राय, सौरभ ताम्रकार, शंकर तंतुवाय, उमेश ताम्रकार, प्रकाश गर्ग, शिवा चौरसिया, के.के. सोनी, अंकित व्यास, उमेश खरे, कमलेश जैन, पंडित जवाहर मिश्रा, भवानी पटैल, गोविंद चौरसिया, योगेश उपाध्याय, कामता उपाध्याय, प्रमोद ताम्रकार, लल्लू नामदेव, गोविंद सिंह, दामोदर राय, अप्पू नेमा, जगदीश नामदेव, स्वपनिल सिंघई, शिवा ताम्रकार, खिलान सिंह, नन्ना नेमा, कमलेश ताम्रकार, प्रमोद शुक्ला, प्रमोद जैन, बबलू सोनी, स्वतंत्र चौरसिया, संजय शुक्ला, बादशाह खान, विजय यादव, सुनील व्यास, हेमंत सेन, पप्पू चौरसिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं नगरवासी मौजूद रहे।

राजाबंदी, चौपरा, पेरिया, कुंडलपुर, बमनपुरा, जमुनिया, देवडोंगरा और हरपालपुरा सहित आसपास के गांवों के लोगों ने भी महाविद्यालय खोलने की मांग का समर्थन किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

क्रं./लोक निर्माण/ निविदा/2026-27/1045 // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // हटा दिनांक-14/10/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत एवं मप्र लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रं. जारी दिनांक	कार्य का नाम एवं स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि	निविदा की अंतिम तिथि	आमंत्रण
1.	2026_UAD_543189_1 15/10/2026	वार्ड क्रं. 06 बालाजी वार्ड में पोस्ट ऑफिस के बगल में कोमलचंद जैन जी के पास सी.सी. चौक निर्माण कार्य	1 - 03 माह 2 - 4.08 लाख	1- 2000.00 2- 4100.00	02/11/2026	प्रथम
2.	2026_UAD_543191_1 15/10/2026	वार्ड क्रं. 11 कमला नेहरू वार्ड में मंदिर मस्जिद चौराहे पर अभिषेक हार्डवेयर से नाले तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1 - 03 माह 2 - 8.47 लाख	1- 2000.00 2- 8500.00	02/11/2026	प्रथम
3.	2026_UAD_543192_1 15/10/2026	नवोदय वार्ड स्थित कब्रिस्तान में चौकीदार कक्ष निर्माण कार्य	1 - 03 माह 2 - 8.39 लाख	1- 2000.00 2- 8500.00	02/11/2026	प्रथम
4.	2026_UAD_543194_1 15/10/2026	संजय वार्ड में ब्रजेश पटेल जी के मकान से एच.पी. गैस ऐजेंसी के पीछे तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1 - 03 माह 2 - 6.58 लाख	1- 2000.00 2- 6600.00	02/11/2026	प्रथम
5.	2026_UAD_543195_1 15/10/2026	सुभाष वार्ड में नीलू पाठक जी के मकान से राय चौराहा तक नाली निर्माण एवं मार्ग चौड़ीकरण कार्य	1 - 03 माह 2 - 8.37 लाख	1- 2000.00 2- 8500.00	02/11/2026	प्रथम
6.	2026_UAD_543197_1 15/10/2026	वार्ड क्रं. 06 बालाजी वार्ड में भारत सोनी जी के मकान से सतीश वकील साहब के मकान तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य	1 - 03 माह 2 - 3.63 लाख	1- 2000.00 2- 3700.00	02/11/2026	प्रथम
7.	2026_UAD_543198_1 15/10/2026	वार्ड क्रं. 15 नवोदय वार्ड में एपीजे कलाम मार्केट के पास स्वागत द्वार निर्माण कार्य	1 - 03 माह 2 - 7.14 लाख	1- 2000.00 2- 7200.00	02/11/2026	प्रथम
8.	2026_UAD_543199_1 15/10/2026	मुरली मनोहर वार्ड में भागवत बाल्मिकी जी के मकान से महेन्द्र राय जी के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1 - 04 माह 2 - 8.06 लाख	1- 2000.00 2- 8100.00	24/10/2026	द्वितीय
9.	2026_UAD_543200_1 15/10/2026	मुरली मनोहर वार्ड में विजय राय जी के मकान से मूलचंद्र जी के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1 - 04 माह 2 - 6.02 लाख	1- 2000.00 2- 6100.00	24/10/2026	द्वितीय
10.	2026_UAD_543201_1 15/10/2026	सुभाष वार्ड में सेंट्रल बैक के पास से मंदिर तक आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य।	1 - 03 माह 2 - 2.78 लाख	1- 2000.00 2- 2800.00	24/10/2026	द्वितीय

नोट :- 1. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह

कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

क्रं./लोक निर्माण/ निविदा/2026-27 हटा दिनांक-12/10/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत एवं मप्र विद्युत मंडल में 'अ' श्रेणी लाईसेंस धारी समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रं. जारी दिनांक	कार्य का नाम एवं स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_542594_1 13/10/2026	निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर हाईमास्ट लाईट स्थापना कार्य	1 - 03 माह 2 - 29.88 लाख	1- 5000.00 2- 23000.00	14/11/2026

नोट :- 1. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा। 2. निविदाकार अपनी दरें जी.एस.टी. छोड़कर प्रस्तुत करें। वर्क कॉन्ट्रक्ट पर लागू जी.एस.टी. राशि का भुगतान नियमानुसार पृथक से किया जावेगा। देयकों पर नियमानुसार करों की कटौती की जावेगी। 3. अव्यावहारिक दर प्रस्तुत किये जाने पर परफारमेंस गारंटी राशि एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी राशि शासन के निर्देशानुसार जमा करनी होगी

1. 10% Below तक परफारमेंस राशि - 3% of PAC Amount. 2. Rate 10% Is 20% तक Below होने पर Value equal to the percentage below 10% of PAC. 3. 20% से अधिक Below होने पर twice the value below 20% of PAC.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद हटा, जिला दमोह

गैसाबाद में नाली निर्माण पर उठे सवाल, ऊंचाई अधिक होने से घरों तक पहुंचना मुश्किल



बुजुर्गों और दिव्यांगों को परेशानी, ग्रामीणों ने नाली की ऊंचाई कम करने की मांग की

गैसाबाद। दमोह से पन्ना जिले के सिमरिया तक करीब 72 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य जारी है। सड़क के साथ गांवों और कस्बों में नालियों का निर्माण भी कराया जा रहा है, लेकिन गैसाबाद में नाली की अधिक ऊंचाई को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि सड़क से काफी ऊंची नाली बनने के कारण उन्हें अपने घरों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। ग्राम गैसाबाद में पुलिया टोला से पन्ना नाका स्थित मजार तक सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ स्थानों पर नाली की ऊंचाई सड़क से करीब पांच फीट तक रखी जा रही है। इससे घरों में आने-जाने, वाहन खड़े करने और रोजमर्रा के कामों में परेशानी हो रही है। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्गों और दिव्यांगों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली की ऊंचाई सड़क के स्तर के अनुरूप रखी जाती तो जल निकासी भी हो सकती थी और लोगों को असुविधा का सामना भी नहीं करना पड़ता। उन्होंने शासन-प्रशासन से निर्माण कार्य का निरीक्षण कर नाली की ऊंचाई कम कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम हो सके। इस संबंध में निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित अधिकारी मौके का निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराएंगे।